कार्यालयः महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना

संख्याः-हि.अ./ले.प./हि.पु.यो./13/2022-23/ 112 दिनांक : 03.08.2022

कार्यालय परिपत्र

विषय : वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए हिन्दी पुरस्कार योजना ।

भारत सरकार , गृह मंत्रालय ,राजभाषा विभाग नई दिल्ली के परिपत्र सं12013/01/2011/रा.भा.(नीति) दिनांक 14.09.2016 के आलोक में, हिन्दी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष 2021-22 में भी सरकारी कामकाज में मूलतः हिन्दी में टिप्पण, एवं प्रारूप लेखन को प्रोत्साहन देने के लिए हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने वाले अधिकारियों /कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की योजना है।

इस योजना के अंतर्गत **प्रथम पुरस्कार (दो पुरस्कार) -5000/-रुपये प्रत्येक , द्वितीय पुरस्कार (3 पुरस्कार)-3000/- रुपये प्रत्येक , एवं तृतीय पुरस्कार (5 पुरस्कार) -2000/ रुपये प्रत्येक** दिया जाना है।

विदित हो कि हिन्दी पुरस्कार योजना के अंतर्गत **वैसे अधिकारी/कर्मचारी ही पुरस्कार के पात्र होंगे जिन्होंने वर्ष 2021-22 के दौरान सरकारी कामकाज में न्यूनतम 20000 (बीस हज़ार) शब्द हिन्दी में लिखा हो।** प्राप्त आवेदनों/ दावों की जांच हेतु एक मूल्यांकन समिति गठित की जाएगी । समिति द्वारा मूल्यांकन हेतु कुल 100 अंक रखे जाएंगे जिनमें से 70 अंक हिंदी में किए गए कार्यों की मात्रा हेतु तथा 30 अंक विचारों की स्पष्टता हेतु निर्धारित है। जिन कार्मिकों की मातृभाषा तमिल, तेलुगु, कन्नड, मलयालम, बंगाली, असमिया या उड़िया है उन्हें 20 प्रतिशत तक अधिक अंकों का लाभ दिया जा सकता है।

अतः सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि हिन्दी पुरस्कार योजना हेतु **अपना नाम संलग्न प्रपत्र में भरकर दिनांक 18.08.2022 तक** हिन्दी अनुभाग में अवश्य जमा कर दें । दावा नहीं करने पर अथवा नियत तिथि के बाद आवेदन देने पर विचार नहीं किया जाएगा ।

संलग्नक : यथोपरि।

हस्ता/-
उपमहालेखाकार
(प्रशासन)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ अग्रेपित :-

1. **महालेखाकार(ले.प.)बिहार, पटना का सचिवालय**
2. **उपमहालेखाकार ,लेखापरीक्षा (प्रशासन)का सचिवालय**
3. सभी **उपमहालेखाकार ,लेखापरीक्षा ([redacted])का सचिवालय**
4. **समस्त व.ले.प.अ.।**
5. **सभी अनुभाग /स.ले.प.अ. :-इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र की विषयवस्तु को अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों के संज्ञान में लाएं तथा पात्र अधिकारियों/ कर्मचारियों को इस योजना में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।**
6. **ए.एएम.एस. अनुभाग :- कृपया इसे कार्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।**
7. **सूचना पट्ट।**

03/08/2022

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
(हिन्दी)

वित्तीय वर्ष 2021-22 के हिन्दी पुरस्कार योजना का प्रपत्र

अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक की अवधि के दौरान सरकारी कामकाज मूल रूप से हिन्दी में करते हुए लिखे गए शब्दों की कुल संख्या का सप्ताह-वार , माह-वार विवरण।

माह का नाम	हिन्दी में लिखे शब्दों का सप्ताह - वार विवरण					कुल संख्या
	पहला सप्ताह	दूसरा सप्ताह	तीसरा सप्ताह	चौथा सप्ताह	पाँचवा सप्ताह	
अप्रैल						
मई						
जून						
जुलाई						
अगस्त						
सितम्बर						
अक्तूबर						
नवम्बर						
दिसम्बर						
जनवरी						
फरवरी						
मार्च						

वर्ष के दौरान मूल रूप से हिंदी में किए गए कार्य की मात्रा (कुल शब्द) ----------------------------

आवेदक का नाम ----------------------------------

आवेदक का आईडी. नं ------------------------------

पदनाम ---

अनुभाग का नाम --------------------------------

आवेदक का हस्ताक्षर------------------------------

मोबाइल नंबर ------------------------------------

ई-मेल ---

नियंत्रण अधिकारी का हस्ताक्षर

नोट: सभी इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी जो हिंदी पुरस्कार योजना हेतु अपना नाम उक्त प्रपत्र में भरकर हिंदी अनुभाग को देना चाहते हैं उनसे अनुरोध है कि वे अपने द्वारा निष्पादित/टंकित हिंदी कार्यों से संबंधित संचिकाएं/अभिलेख मांगे जाने पर जाँच हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।